# मुख्यमंत्री ने हिमाचल पथ परिवहन निगम की 20 नई ई-बसों को हरी झंडी दिखाई

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज चौड़ा मैदान शिमला से हिमाचल पथ परिवहन निगम की 20 नई ई-बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे शहर में अब ई-बसों की कुल संख्या 50 से बढकर 70 हो गई है।



इस अवसर पर पत्रकारों से औपचारिक बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में हिमाचल पथ परिवहन निगम 90 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जा रहा है। इनमें 17 ई-बसें कुल्लू में, 5 मंडी में, 3 बिलासपुर तथा 50 ई-बसे शिमला जिले के ढली डिपो में हैं। वर्तमान में धर्मशाला में निगम के बेड़े में 15 अतिरिक्त ई-बसें शामिल की गई हैं। इन ई-बसों की परिचालन लागत डीजल बसों की तुलना में बेहद कम लगभग 25 रुपये प्रति किलोमीटर है। उन्होंने कहा कि ई-मोबिलिटी को बढ़ावा देने से कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी जिससे पर्यावरण संरक्षण में भी सहयोग प्राप्त होगा।
ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि परिवहन निगम ने शिमला स्थानीय और नादौन में उपयोग की जाने वाली 75 टाइप-1 ई-बसों के लिए निविदा प्रक्रिया जारी है और मौजूदा डीजल बसों को बदलने के लिए 225 टाइप-2 ई-बसों के लिए तकनीकी विनिदेशों को अंतिम रूप दिया गया है।
उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चरणबद्ध तरीके से हिमाचल पथ परिवहन निगम की 1500 बसों के पूरे बेड़े को ई-बसों से बदलेगी जिसके लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा भी स्थापित किया जा रहा है। इसके अलावा इन ई-बसों को पर्यटन वृत्त सर्कट पर भी चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि 31 मार्च, 2026 तक हिमाचल प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य के रूप में विकसित किया जाए जिसके लिए वर्तमान राज्य सरकार द्वारा अपने प्रथम बजट में ही विभिन्न उपायों का समावेश किया गया है।मुख्यमंत्री ने मंत्रिमण्डल की बैठक में भाग लेने के लिए चौड़ा मैदान से प्रदेश सचिवालय तक की यात्रा ई-बस से की।
इस अवसर पर उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, मुख्य संसदीय सचिव चौधरी राम कुमार, विधायक हरीश जनारथा,सहित आदि उपस्थित रहे।

# अदिति सिंह होगी घुमारवीं थाना की एसएचओ

**8 बैच 2021 की आईपीएस अधिकारी अदिति सिंह घुमारवीं थाना में तीन माह तक अपनी सेवाएं देंगी**

**टीम एक्शन इंडिया/घुमारवीं/नीरज शर्मा**
बैच 2021 की आईपीएस अधिकारी अदिति सिंह ने घुमारवीं थाना में एसएचओ का कार्यभार संभाला है। वह तीन माह तक यहाँ पर अपनी सेवाएं देंगी। सोमवार सुबह उन्होंने पुलिस थाना परिसर में बने मंदिर में थाना प्रभारी घुमारवीं विपन चौधरी तथा सब इंस्पेक्टर नंदलाल के साथ पूजा अर्चना करने के बाद अपना कार्यभार संभाला। 27 वर्षीय अदिति सिंह ने गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से कंप्यूटर साइंस में बीटेक करने के बाद आईपीएस बनने की राह चुनी। उन्होंने नशा माफिया



खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की बात कहते हुए बताया कि क्षेत्र में किसी भी तरह का अबैध नशा सहन नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने महिलाओं व बच्चों पर हो रहे अपराधों पर चिंता करते हुए उन्हें रोकना तथा उनके उत्थान के लिए किए जाने वाले कार्यों को अपना मुख्य उद्देश्य रहेगा।
उन्होंने कहा कि अपने इस कार्यकाल के दौरान जनता के साथ उनका सीधा संवाद रहेगा तथा क्षेत्र में किसी को किसी भी तरह की कोई मुश्किल हो तो वह थाना में आकर मिल सकते हैं। उन्होंने कहा कि वह लोगों के कार्य करने के लिए हर समय ततपर रहेंगी एसाथ ही उन्होंने शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू करने की बात कही। जिसके लिए उन्होंने लोगों से जन सहयोग की भी अपील की है। अदिति सिंह मूल रूप से मेरठ उत्तर प्रदेश की रहने वाली हैं। इन्हें हिमाचल केडर मिला है। अदिति के पिता डॉक्टर हैं जबकि माता कलक्ट्रेट कार्यलय में सीनियर असिस्टेंट के पद पर कार्यरत हैं। अदिति सिंह के दादा क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं।वही अदिति सिंह ने कहा कि लोगो से सीधे तौर पर सम्पर्क में रहना उनकी प्राथमिकता रहेगी और किसी भी प्रकार की समस्या पर लोग उनसे मिल सकते है।

## थाना हरोली के तहत बीटन में अवैध शराब सहित एक काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
थाना हरोली के तहत बीटन में पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध शराब सहित काबू किया है। जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
जानकारी के मुताबिक हरोली पुलिस रविवार शाम को बीटन में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने जसवीर सिंह निवासी बीटन को 6 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया है। मामले की पुष्टि डीएसपी हरोली वसूधा सूद ने की है।

# भाजपा लोकतांत्रिक तरीके से जनता की आवाज उठाती है : बिंदल

**8 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की संस्कृति को पुनर्जीवित करने का कार्य किया है**

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
भाजपा शिमला संसदीय क्षेत्र की जनसभा का आयोजन देहा चौपाल में किया गया। इस जनसभा में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ अनिल जैन, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल, सांसद सुरेश कश्यप, विधायक बलबीर वर्मा, रीना कश्यप, पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी, सुरेश भारद्वाज, प्रदेश उपाध्यक्ष पुरषोत्तम गुलेरिया,



चेतन ब्रागटा, शशि बाला, रवि मेहता जिला, अध्यक्ष अरुण फलटा विशेष रूप में उपस्थित रहे। यह जनसभा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित की गई है।
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा केंद्र की मोदी सरकार ने हर व्यक्ति को कोई न कोई लाभ पहुंचाया है, फि र भी हिमाचल प्रदेश में हमसे चूक हो गई और इस बार हम चूकेंगे नहीं हिमाचल प्रदेश में हम चारों सीटों पर लोकसभा चुनाव में विजय पाएंगे। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र को कुछ ना कुछ दिया है। यहां चौपाल, जुब्बल कोटखाई, रोहडू, रामपुर, ठियोग में स्कूल, अस्पताल, एसडीएम कार्यालय, पटवार सर्कल, आईपीएच सर्कल मिले पर इस सरकार ने उन संस्थाओं पर ताला लगा दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र ने आयुष्मान भारत और जयराम सरकार ने हिम्केयर देकर लोगों की स्वास्थ्य सेवाओं की बल्ले.बल्ले करदी । आज 5 लाख रुपए का स्वास्थ्य कंवर सरकारों द्वारा दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्यपथ रक्षा, सुभाष चंद्र बोस वल्लभभाई पटेल, वीर सावरकर जैसे वीर सपूतों के जीवन को जनता के समक्ष लाकर वीरों का शौर्य बढ़ाया। राम मंदिर का आज तक वादा ही हुआ था पर अगले साल वह बनकर तैयार हो जाएगा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की संस्कृति को पुनर्जीवित करने का कार्य किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### सरकार से आरपार लड़ाई-लड़ने को जेबीटी प्रशिक्षु तैयार

टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री
जेबीटी प्रशिक्षुओं का धरना जारी है। सोमवार को विभिन्न शिक्षण संस्थानों के जेबीटी प्रशिक्षुओं ने सेरी चानणी में अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर शिक्षा विभाग और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जेबीटी प्रशिक्षकओं की मांग है कि जेबीटी भर्ती से बीएड को बाहर किया जाए और इसके लिए वो कई बार प्रदेश सरकार, मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से मिलकर बातचीत भी कर चुके है, लेकिन अभी तक इस पर कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि सरकार सिर्फ आश्वासन दे रही है और कई महीनों से जेबीटी प्रशिक्षुओं की मांग निलंबित पड़ी है जिससे कि प्रशिक्षुओं में भारी रोष है। जेबीटी प्रशिक्षु स्मृति ठाकुर ने कहा कि सरकार के समक्ष जेबीटी प्रशिक्षु अपनी मांगों को बार बार उठा रहे है परंतु सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं कर रही है उन्होंने बताया कि कई महीनों से सरकार सिर्फ आश्वासन ही दे रही है। मनीष शर्मा ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो ये धरना प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा जब तक सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं करती है।

### सुपर मैग्नेट कोचिंग संस्थान की रितिका ने जेईई एडवांस्ड किया उत्तीर्ण

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
सुपर मैग्नेट कोचिंग संस्थान, नजदीक जिला न्यायालय हमीरपुर की ड्रॉपर बैच की छात्रा रितिका ने जेईई एडवांस्ड परीक्षा उत्तीर्ण की और अपनी श्रेणी में ऑल इंडिया रैंक 2951 हासिल किया है। सुपर मैग्नेट कोचिंग के प्रबंध निदेशक इंजिनियर शगुन दत्त शर्मा ने बताया कि 2014 से लगातार देश की प्रतिष्ठित परीक्षा में सुपर मैग्नेट कोचिंग संस्थान का प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। इस अवसर पर संस्थान प्रबंधन ने उत्तीर्ण छात्रा और उसके अभिभावकों को बधाई दी और संस्थान में मिठाई बांटकर खुशी मनाई गई। इस अवसर पर सुपर मैग्नेट कोचिंग संस्थान के निदेशक वाटिका सूद, अमित कपिल, प्राध्यापक इंजिनियर अक्षय वशिष्ठ, पार्ती गुप्ता, मोनिका, नेहा, रेखा, नेहा जमवाल, स्टाफ सदस्य राजेश कुमार सुनील, सुशील कुमार सनी आदि उपस्थित रहे।



### बोरोसिल ने टॉप सेलेब्रिटी शेफ हरपाल सिंह सोखी के साथ कुकिंग मास्टरक्लास का आयोजन किया

**कसौली:** हिमाचल प्रदेश के कसौली में भारत के प्रमुख कंज्यूमर ब्रैंड बोरोसिल लिमिटेड ने मशहूर सेलेब्रिटी शेफ हरपाल सिंह सोखी के साथ कुकिंग की मास्टरक्लास का आयोजन किया।शेफ हरपाल अपनी इन मशहूर लाइनों नमक शमक डाल देते हैं के कारण देश भर में पहचाने जाते हैं। उन्होंने बोरोसिल के साथ कंपनी की



कुकवेयर रेंज को प्रमोट करने के लिए साझेदारी की है। इस इवेंट के दौरान शेफ हरपाल ने ब्रैंड के प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करते हुए कई स्वादिष्ट व्यंजन बनाए जबकि वह कंपनी के डीलर्स और निमार्ताओं से भी जुड़े। इवेंट में मशहूर ब्रैंड के प्रॉडक्ट्स की सर्वश्रेष्ठ परफॉर्मेंस का प्रदर्शन करने के लिए शेफ हरपाल के बनाए गए स्वादिष्ट पकवान यह दिखाने के लिए परफेक्ट थे कि यह प्रॉडक्ट्स किस तरह से काम करते हैं और लोगों की जिंदगी को कैसे आसान बनाते हैं। बोरोसिल लिमिटेड में ब्रैंड मार्किटग के सीनियर जीएम ब्रनाली शंकर ने कहा ब्रैंड के तौर पर बोरोसिल का हमेशा से किचन में गृहिणियों का काम आसान बनाने में विश्वास रहा है। यही कारण है कि हमने किचन की सभी जरूरतों को पूरा करने के लिए तरह.तरह के प्रॉडक्ट्स की रेज लॉन्च की हैं।

# हरिपुर पंचायत में नशे के दुष्प्रभावों पर जागरूकता शिविर आयोजित

## उच्च न्यायालय के न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान ने वर्चुअल माध्यम से किया संबोधित



**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण तथा जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के तत्वाधान में विकासखंड चंबा की हरिपुर पंचायत में नशे के दुष्परिणामों पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं कार्यकारी अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान ने वर्चुअल माध्यम से जागरूकता शिविर की अध्यक्षता की। उन्होंने लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने नशे को जड़ से खत्म करने के लिए इसे जन आंदोलन बनाने की भी लोगों से अपील की। शिविर में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चंबा सुभाष चन्द्र भसीन ने बताया कि नशा मुक्त अभियान 18 से 26 जून, 2023 तक समूचे प्रदेश में चलाया जा रहा है। उन्होंने युवाओं व बच्चों को नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज और परिवार को नशा मुक्त बनाने के लिए हमें अपने परिवार से पहल करनी चाहिए । उन्होंने नालसा के तहत उपलब्ध करवाई जा रही विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी।इसके अतिरिक्त उन्होंने घरेलू हिंसा अधिनियम, सूचना का अधिकार अधिनियम-2005, मौलिक अधिकार, पंचायती राज अधिनियम, उपभोक्ता संरक्षण, सूचना का अधिकार, शिक्षा के अधिकार अधिनियम, वूमेन हेल्पलाइन नंबर व महिलाओं से जुड़े विभिन्न अधिकारों और कर्तव्य के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। शिविर में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण विशाल कौंडल ने नशे के दुष्प्रभाव, उसके उन्मूलन व रोकथाम के बारे जानकारियां साझा की। उन्होंने कहा कि बच्चों के अभिभावकों का यह मूल दायित्व बनता है कि वह अपने बच्चों की दिनचर्या पर ध्यान रखें ताकि बच्चे अपनी उर्जा का दोहन पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में करें।

## राघव शर्मा ने पुनः संभाला उपायुक्त ऊना का कार्यभार

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
उपायुक्त ऊना राघव शर्मा ने प्रशिक्षण कार्यशाला में शामिल होने के उपरांत 19 जून को पुनः उपायुक्त ऊना का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के लिए मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक एकैडमी में 22 मई से 16 जून तक एक विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया था जिसमें शामिल होने के उपरांत उपायुक्त ऊना राघव शर्मा ने सोमवार को अपना कार्यभार संभाल लिया है।

# आषाढ़ नाग मेले के आयोजन की तैयारियां पूरी

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
जिला स्तरीय आषाढ़ नाग मेले के आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने को लेकर एसडीएम डलहौजी अनिल भारद्वाज की अध्यक्षता में नाग मंदिर बनीखेत में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजन समिति के सरकारी व गैर सरकारी सदस्यों ने हिस्सा लिया। एसडीएम अनिल भारद्वाज ने बताया कि प्रसिद्ध पर्यटन कस्बे बनीखेत में जिला स्तरीय आषाढ़ नाग मेले का आयोजन 21 से 24 जून तक पधर चौगान में किया जाएगा । मेले के दौरान चार सांस्कृतिक संध्याएं आयोजित की जाएगी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए मेले में जिला की समृद्ध लोक



कला एवं संस्कृति को विशेष अधिमान देने के साथ स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करने की सहमति भी बनी। जिला भाषा अधिकारी की अध्यक्षता में सांस्कृतिक समिति द्वारा जल्द कलाकारों की सूची को अंतिम रूप देने को कहा गया। शुभारंभ अवसर पर आयोजित होने वाली शोभायात्रा को और आकर्षक एवं भव्य बनाने के लिए जिला के विभिन्न सांस्कृतिक दलों को शामिल किया जाएगा। शोभायात्रा यात्रा में जिला की समृद्ध लोक कला एवं संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी।

# नागरिकों को उपलब्ध करवाएं गुणवत्तायुक्त दूरसंचार सेवाएं : उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी की अध्यक्षता में गत दिवस को जिला में दूरसंचार कनेक्टिविटी से संबंधित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला के अलग-अलग क्षेत्रों में लगने वाले मोबाइल टावर तथा कनेक्टिविटी से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। उपायुक्त ने टेलीकॉम कंपनियों को अलग-अलग क्षेत्रों में लगने वाले मोबाइल टावर को जल्द से जल्द लगाने का आग्रह किया ताकि नागरिकों को गुणवत्ता युक्त सेवाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कॉल बिफ ोर यू



डिग के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि कॉल बिफ ोर यू डिग दूरसंचार विभाग की एक अभिनव पहल है जो किसी भी खुदाई गतिविधि को करते समय भूमिगत संपत्तियों को बिना कोई नुकसान पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित करती है। उन्होंने इस संदर्भ में दूरसंचार विभाग को संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ एक कार्यशाला का आयोजन करने के भी निर्देश दिए ताकि संबंधित विभाग को कॉल बिफोर यू डिग के बारे में जानकारी प्राप्त हो सके। इस अवसर पर बीएसएनएल 4जी संतृप्ति परियोजना पर भी चर्चा की गई। बैठक में निदेशक दूरसंचार, कार्यकारी अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कानून एवं व्यवस्था डॉ. पूनम, उपमंडलाधिकारी ग्रामीण निशांत कुमार, सहित आदि उपस्थित रहे।

# हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी को बचाने के लिए उपायुक्त के दरबार में गुहार

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
जिला मंडी की विभिन्न संस्थाओं ने उपायुक्त अरिंदम चौधुरी को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि बिंद्राबन में स्थित हिमाचल दर्शन गैलरी को एनएचएआई से बचाया जाए। विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से बीरबल शर्मा जो इस गैलरी के संस्थापक है ने अपने ज्ञापन में कहा है कि मंडी कुल्लू मार्ग पर मंडी से चार किलोमीटर दूरी पर तहसील मंडी सदर के मुहाल शिल्हाकीपड़ बिंदरावणी में नगर निगम के वार्ड नंबर चार नेला में हाउस नंबर 650, खसरा नंबर 518/36/2 हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी 24 अप्रैल 1997 से स्थापित है। इसमें एक ही छत के



नीचे पूरे हिमाचल के दर्शन कुछ ही पलों में हो जाते हैं। यहां एक म्युजिम व पुस्तकालय के साथ-साथ प्राचीन बरसेले भी स्थापित किए गए हैं। पांच लाख से अधिक दर्शक अब तक यहां देश विदेश व प्रांत से आ चुके हैं। 26 सालों से इसे निशुल्क दिखाया जा रहा है। यह गैलरी देश भर में स्थापित संग्रहालयों की सूचि में भी शामिल है। उन्होंने कहा कि कीरतपुर मनाली फ ोरलेन के बीच आ जाने से 2018 में इस गैलरी को तोड ?ा पड़ा था, इसके बावजूद भी वहां पर बच गई बाकी जगह पर ही इसे किसी न किसी तरह से अस्थायी तौर पर बनाए रखा ताकि दर्शकों के लिए यह उपलब्ध रहे। पांच साल की अथक मेहनत व प्रयासों के बाद अब इसका काम लगभग पूरा हो चुका है तथा एक पक्का व ऐतिहासिक अद्भूत ठिकाना इस मिल गया है। एनएचएआई द्वारा 26 मई 2023 को प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार प्रस्तावित पठानकोट मंडी फोरलेन में फोटो गैलरी परिसर को भी शामिल कर दिया गया है। यह हमारे के लिए बेहद चिंताजनक, डरावनी व झटका देने वाली घटना है।
पांच साल पहले हम विस्थापित हुए, उसके बाद कड़ी मेहनत करके कर्जा जुटाकर किसी तरह से इसे खड़ा कियाए तब किसी ने कुछ नहीं कहा मगर अब जबकि यह पूरी हो चुकी है तो फि र से पूरी तरह से विस्थापित हो जाने की सूचनाएं जानलेवा जैसी लगने लगी हैं। अब हमारे पास इस गैलरी को स्थापित करने के लिए कोई भी जगह नहीं बची है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त मंडी होने के नाते इस गैलरी को बचाने में सहयोग करें। इस बारे में एनएचएआई के पालमपुर स्थित परियोजना निदेशक विकास सुरजेवाला व अन्य अधिकारियों से इस मुद्दे को उठाकर किसी भी हालत में इस गैलरी को खत्म होने से बचाएं। यहां पर आस पास व सामने निर्माण के लिए काफ ी ज्यादा खाली जगह पड़ी है जो लोग देने को तैयार हैं, इससे सरकार को मुआवजा भी बहुत कम देना पड़ेगा।

# कमलेश शर्मा बनी नर्सिंग एसोसिएशन की अध्यक्ष



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
डॉ यशवंत सिंह परमार मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल नाहन में नर्सेज फेडरेशन के चुनाव हिमाचल प्रदेश स्टेट नर्सेज फेडरेशन की अध्यक्ष भावना ठाकुर व यासमीन की अध्यक्षता में संपन्न हुए। जिसमें प्रदेश महासचिव कल्पना रचाईक, प्रेस सचिव ममता भारद्वाज एवं वाइस प्रेजिडेंट मीना चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे। नवगठित कार्यकारिणी में भारी संख्या में नर्सिंग सिस्टर व स्टाफ नर्सेज ने भाग लिया। चुनाव प्रक्रिया में सर्वसम्मति से कमलेश शर्मा को हिमाचल प्रदेश स्टेट नर्सिंग फेडरेशन यूनिट नाहन की अध्यक्ष मनोनीत किया गया, जबकि रीटा रानी को महासचिव पद पर मनोनीत किया गया। नई कार्यकारिणी गठित करने के साथ-साथ प्रदेश अध्यक्षा भावना ठाकुर को डॉ यशवंत सिंह परमार मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल नाहन के विभिन्न समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया जिसमें खाली स्टाफ नर्सिंज के पदों को भरने के लिए तथा आउटसोर्स के तहत रखी गई स्टाफ नर्सिज को स्थाई पॉलिसी में लाने के बारे में अवगत कराया गया।

# ई-ईएमआईएस : प्रशासन प्रकियाओं को बदलने और पहुंच को आसान बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

## रोजगार कार्यालयों की सभी सेवाएं अब घर-द्वार पर होंगी उपलब्ध: मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार ने रोजगार कार्यालयों की उपलब्धता और दक्षता बढ़ाने के लिए व्यवस्था परिवर्तन की प्रतिज्ञा के तहत कागज रहित प्रणाली को लागू करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। सरकार का उद्देश्य पंजीकरण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना है। इसके साथ ही जिस तरह नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों को रोजगार कार्यालयों के बार.बार चक्कर काटने पड़ते हैं, उसमें बदलाव लाते हुए उम्मीदवारों के लिए रोजगार कार्यालयों तक पहुंच सुगम बनाना है। नई पहल के तहत, रोजगार चाहने वाले उम्मीदवारों को पंजीकरण करवाने के लिए व्यक्तिगत रूप से कार्यालयों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। कागज रहित



पंजीकरण से बेरोजगार युवाओं, विशेष रूप से दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले उम्मीदवारों पर पड? वाला यात्रा सम्बन्धी तथा अन्य वित्तीय खर्च समाप्त होगा। नई व्यवस्था के तहत युवा रोजगार कार्यालय में आए बिना स्वयं या लोकमित्र केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकेंगे। सभी आवश्यक दस्तावेजों को ऑनलाइन पंजीकृत और अपलोड किया जा सकेगा और पंजीकरण का टोकन यानी पंजीकरण का प्रमाण ऑनलाइन डाउनलोड करने की भी सुविधा होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 50 वर्षों से रोजगार कार्यालयों में युवाओं को स्वयं जाने की जरूरत को समाप्त करते हुए प्रदेश सरकार द्वारा अब एक अधिक सुविधाजनक ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली स्थापित की जा रही है। पूर्व में ऑनलाइन पंजीकरण के बाद भी युवाओं को अपने मूल दस्तावेजों के साथ रोजगार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे। लेकिन राज्य सरकार ने इस प्रक्रिया को सरल बनाने में प्रौद्योगिकी की क्षमता को न केवल पहचाना है बल्कि इसे तुरंत अपनाकर संस्थानों, कार्यालयों एवं प्रक्रियाओं में बदलाव लाने के लिए प्रभावी कदम भी उठाए हैं। नवपरिवर्तन को युवाओं के लिए सुगम बनाने के मद्देनज? श्रम और रोजगार विभाग ने ई-ईएमआईएस (रोजगार विनिमय प्रबंधन सूचना प्रणाली) के नाम से एक सॉफ्टवेयर विकसित किया है। यह सॉफ्टवेयर आवेदकों को बिना किसी वित्तीय परेशानी के ऑनलाइन पंजीकरण करने में सक्षम बनाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कागज रहित पंजीकरण की शुरूआत से नौकरी चाहने वालों के लिए पैसों के साथ-साथ समय की बचत भी सुनिश्चित होगी। राज्य सरकार का लक्ष्य प्रौद्योगिकी के उपयोग से रोजगार कार्यालयों को समावेशी बनानेए कार्यालयों में प्रक्रिया सम्बन्धी बाधाओं को कम करना और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले युवाओं को सुविधा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि यह प्रगतिशील बदलाव डिजिटलीकरण की दिशा में एक ऐसा कदम है जो प्रशासनिक प्रक्रियाओं को बदलने और सेवाओं तक आसानी से पहुंच बढ़ाने के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

# गोहर का परीक्षित शर्मा डाक्टर बन करेगा लोगों की सेवाएं

## नीट में किए 609 अंक हासिल

**टीम एक्शन इंडिया/गोहर/सुभाग सचदेवा**

मन में कुछ करने की तमन्ना हो तो कोई मंजिल मुश्किल नहीं होती कुछ ऐसा ही कर दिखाया है गोहर क्षेत्र से नीट का टेस्ट क्लियर कर अपने सपनों को उड़ान देने में कामयाब हुए परीक्षित शर्मा पुत्र नरेश शर्मा ने परीक्षित शर्मा डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करना चाहेंगे। गोहर के माहरण गांव के परीक्षित शर्मा पुत्र नरेश शर्मा ने इस सपने को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत की है। परीक्षित शर्मा ने बातचीत करते हुए बताया पहली से नवीं तक शिक्षा डीएवी पब्लिक स्कूल गोहर में ली दसवीं से प्लस टू तक जवाहर नवोदय स्कूल पंडोह में पढ़ाई पूरी की।

1 साल के लिए फोटोन कोचिंग सेंटर मंडी से नीट के लिए



तैयारी की कड़ी मेहनत कर 720 में से 609 अंक हासिल कर बहुत बड़ा मुकाम हासिल किया है। परीक्षित शर्मा के पिता नरेश शर्मा जल शक्ति विभाग में कनिष्ठ अभियंता पद पर कार्यरत हैं जबकि माता तृप्ता शर्मा ग्रहणी है परीक्षित शर्मा ने अपनी कामयाबी का श्रेय माता-पिता बहन डिंपल शर्मा ऊषा शर्मा बुआ मीरा कश्यप फू फ ा धनेश कश्यप व अपने शिक्षकों के सहयोग को दिया है।

# ब्रेन टयूमर के लिए न्यूरो नेवीगेशन एक वरदान की तरहः डा. हरसिमरत सोढ़ी

## बिना सिर खोले गोल्फ बाल के आकार के ब्रेन टयूमर को निकाल बुजुर्ग को मिला जीवनदान

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

ब्रेन टयूमर की सर्जरी को लेकर पीड़ित व्यक्ति से ज्यादा परिजनों में कई तरह की चिंता रहती है, क्योंकि पहले दिमाग से संबंधित सर्जरी काफी काम्पिलकेशन पेचीदा होती थी, जोकि मरीजों के लिए बेहद नुकसानदायक भी रही। अब समय के साथ आई नई तकनीकों से ब्रेन टयूमर की सटीक लोकेशन का डाक्टर सरलता से पता लगा सकते हैं साथ ही उसे दिमाग के अन्य हिस्से को नुकसान पहुंचाए बिना हटा भी सकते हैं। यह बात जाने माने न्यूरो स्पाइन सर्जन डा. हरसिमरत बीर सिंह सोढी ने मंडी में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि जिनके द्वारा हाल ही न्यूरो नेवीगेशन तकनीक से मंडी के एक बुजुर्ग व्यक्ति के दिमाग से गोल्फ बॉल जितने ब्रेन टयूमर को निकालकर उन्हें नया जीवनदान दिया गया है। फोर्टिस अस्पताल मोहाली में न्यूरो स्पाइन सर्जरी के सीनियर कंस्लटेंट डॉ. हरसिमरत बीर सिंह सोढ़ी ने बताया कि वो वक्त चला गया, जब ब्रेन टयूमर के बारे पता चलते ही मरीज सहित पूरा परिवार निराश हो जाता था, क्योंकि उन्हें डर रहता था मरीज का पूरा सिर खोलकर सर्जरी होगी। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के मामलों में ब्रेन टयूमर का



मामला ज्यादा पेचीदा रहता था। उन्होंने कहा कि ब्रेन टयूमर के इलाज में आई तकनीकी क्रांति से अब गंभीर से गंभीर ब्रेन टयूमर को दिमाग से निकाला जा सकता है।उन्होंने बताया कि न्यूरो नेवीगेशन तकनीक से हाल ही में 83 वर्षीय बुजुर्ग के दिमाग से गोल्फ बॉल आकार के ब्रेन टयूमर को निकालने में सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि उक्त बुजुर्ग मरीज पिछले 15 दिनों से शरीर के निचले अंगों में सुन्नता के कारण चलने फिरने में असमर्थ, मूत्र असंयम तथा देखने व सुनने की घटती क्षमता के चलते चुनौतीपूर्ण समय से गुजर रहा था। जांच करने पर उनके दिमाग में एक गोल्फ बाल के आकार का टयूमर दिखाए जो कि मस्तिष्क में नसों को नुकसान पहुंचा रहा था। डा. सोढ़ी ने बताया कि उक्त टयूमर मरीज के मूत्र प्रणाली और बाएं हाथ-पैर को नियंत्रित करने वाली नसों को बाधित कर रहा था, जिस कारण इलाज में देरी से मरीज अपनी आंखों की रोशनी खो सकता था। उन्होंने बताया कि न्यूरो नेविगेशन की मदद से माइक्रो सर्जरी के जरिए टयूमर को हटा दिया गया। उन्होंने बताया कि अच्छी देखभाल उपरांत मरीज को छुट्टी दे दी गई तथा अब वह सामान्य जीवन जी रहे हैं।मामले पर चर्चा करते हुए डॉ सोढ़ी ने कहा कि हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती मरीज की उम्र थी क्योंकि वह 83 साल का था। बुजुर्ग मरीजों को दिमाग की बड़ी सर्जरी से ठीक होने में काफी समय लगता है। उक्त मरीज के इलाज में सबसे अहम उसकी बाएं हाथ-पैर को कंट्रोल करने वाली नसों को नुकसान से बचाने व उसके मूत्र प्रवाह की बहाली अहम थी। उन्होंने बताया कि आप्रेशन के समय कई बार रक्त का थक्का (कलॉट) बन जाता है, जिस कारण मरीज लंबे समय तक आईसीयू में रहना पड़ता है। उन्होंने बताया कि न्यूरो नेवीगेशन से न्यूरो सर्जरी में गलती की बिल्कुल भी गुजाइंश नहीं रहती, क्योंकि नेवीगेशन सिस्टम से टयूमर की सही लोकेशन तथा टयूमर को दिमाग के किस सही रास्ते से बाहर निकालना है तथा दिमाग की किसी अन्य नस को वहां से नुकसान नहीं पहुंचा रहा है आदि सभी महत्वपूर्ण जानकारी का पता रहता है। इससे ऑपरेशन का परिणाम काफी बेहतर हो जाता है और गलती की संभावना न के बराबर रह जाती है।

# प्रोडक्शन ट्रेनी के 100 पदों हेतू कैंपस इंटरव्यू 27 जून को: राजेश मैहता

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर /कश्मीर ठाकुर**

जिला रोजगार अधिकारी बिलासपुर राजेश मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि ऑरो स्पिनिंग मिल्स लिमिटेड, बद्दी जिला सोलन हि.प्र. द्वारा प्रोडक्शन ट्रेनी के 100 पदों हेतू 27 जून 2023 को उप-रोजगार कार्यालय घुमारवीं, बिलासपुर हि.प्र. में प्रातः 11 बजे से कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रोडक्शन ट्रेनी के पद हेतू न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वी और 12वीं है। उन्होंने बताया कि ट्रेनिंग के दौरान मानदेय 9 हजार से लेकर 9500 रुपये प्रतिमाह तथा हॉस्टल एवं कैंटीन, मेडिकल, पीएफ , ईएसआई, अटेंडेंस अलाउंस एवं बोनस की सुविधा प्रदान की जाएगी।

# जिंदल संजीवनी हस्पताल शोल्टू में नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर/अनिल**

किन्नौर जिला स्थित जेएसडब्लयू परियोजना द्वारा आज जिंदल संजीवनी हस्पताल शोल्टू में निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में परियोजना प्रभावित क्षेत्र के लोगों को परियोजना द्वारा जिंदल संजीवनी हस्पताल शोल्टू में निःशुल्क नेत्र जाँच प्रदान की गई।इस शिविर में परियोजना प्रभावित क्षेत्र के लगभग 500 लोगों ने अपनी आँखों की जाँच करवाई। शिविर में 113 वरिष्ठ नागरिकों ने भी भाग लिया। जाँच टीम में चंडीगढ़ कॉर्नीया केंद्र के नेत्र विशेषज्ञ डॉ अशोक शर्मा, डॉ राजन शर्मा व अन्य सदस्य



उपस्थित रहे। इस दौरान नेत्र जाँच के साथ-साथ अन्य दवाइयाँ भी निःशुल्क वितरित की गई। जाँच टीम ने लोगों को आँखों की सुरक्षा के लिए जरूरी सुझाव भी दिए। इस शिविर का शुभारंभ परियोजना प्रमुख कौशिक मलिक ने जिंदल संजीवनी हस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुमन धर, सीएसआर प्रमुख दीपक डेविड एवं विभाग के अन्य सदस्यों की उपस्थिति में किया गया। लोगों ने अपनी आँखों की जाँच करवाई व जाँच टीम में चंडीगढ़ कॉर्नीया केंद्र के नेत्र विशेषज्ञ डॉ अशोक शर्मा, डॉ राजन शर्मा व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# जोगिंद्रनगर डिपो के रूपों से न हो छेड़छाड़

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय**

जोगिंद्रनगर से हरिद्वार व जोगिंद्रनगर नगर से गुरुग्राम जाने वाली पथ परिवहन निगम जोगिंद्रनगर के बसों के रूटों को बैजनाथ में स्थानांतरण किए जाने पर जोगिंद्रनगर के लोगों में भारी रोष विभाग के प्रती पनपा है। व्यापार मंडल के प्रधान अजय धरवाल ने एसडीम जोगिंद्रनगर नगर के माध्यम से सीएम को ज्ञापन सौंप कर मांग की है कि इन बस रूटों को को यथावत जोगिंद्रनगर नगर दीपू ही रहने दिया जाए क्योंकि इन रूटों के बैजनाथ डिपो में स्थानांतरण होने पर वापसी पर जोगिंद्रनगर आने वाले



यात्रियों को बैजनाथ में ही उतार दिया जाएगा जिससे लोगों को बड़ी परेशानी होंगी। अजय ने मांग की है कि भविष्य में भी इस डिपू के रूटों से कोई छेड़छाड़ न की जाए।

# नशे में फंसे युवाओं को बाहर निकालने के लिए करना होगा साझा प्रयास: गौरव चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया/घुमारवीं/नीरज शर्मा**

नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए उपमंडलाधिकारी घुमारवीं गौरव चौधरी ने कहा कि हर साल 26 जून को दुनिया भर में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है इस दिन को लोगों को नशे से मुक्त करने और उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक के आदेशानुसार हम इस जागरूकता अभियान को लगभग एक महीने तक घुमारवीं उपमंडल में विभिन्न संस्थानों तथा विभिन्न पंचायतों में अलग-अलग गतिविधियों के द्वारा युवाओं को संदेश और निर्देश देंगे कि किस तरह हम नशे से दूर रह सकते हैं तथा अपने समाज को एक आदर्श समाज बना सकते हैं अगर कोई युवा गलती से इस नशे की लत में पड़ गया है तो उसे किस प्रकार नशे की लत से निकालना है इस पर भी जानकारी देंगे क्योंकि जो युवा गलती से नशे की लत में फं स गए हैं उन्हें निकालना भी हमारी तथा समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों कि जिम्मेदारी है। इस दिन



को मनाने का उद्देश्य समाज को नशीली दवाओं के दुरुपयोग से मुक्त करना है, ताकि आने वाला कल सुनहरा हो। हर साल, दुनिया भर में कई व्यक्ति, समुदाय और विभिन्न संगठन विश्व ड्रग दिवस मनाने के लिए शामिल होते हैं ताकि समाज के लिए अवैध ड्रग्स की बड़ी समस्या के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद मिल सके। नशे के खिलाफ सख्त कानून बनाए गए हैं।

हालांकि, सामाजिक सशक्तिकरण और नशा मुक्त समाज के लिए और सख्त कदम उठाने की जरूरत है।उन्होंने युवाओं से भी अपील कि वह नशे से दूर रहें तथा शिक्षा के ऊपर ध्यान दें और लक्ष्य निर्धारित करें उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरी मेहनत और लगन से काम करे तथा नशे से दूर रहें उन्होंने बताया कि नशा करने से न सिर्फ पैसा बर्बाद होता है, बल्कि कई तरह की बीमारियां भी होती हैं।

# स्पेशल कैंपेन अगेंस्ट ड्रग अब्यूज पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण शिमला के तत्वाधान में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण कुल्लू के द्वारा स्पेशल कैंपेन अगेंस्ट ड्रग अब्यूज पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें कि जागरूकता शिविरों के माध्यम से इसका आयोजन किया जा रहा है।आज जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण जिला कुल्लू के द्वारा ग्राम पंचायत मोहल, इस पर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

# बिना किसी कोचिंग और सहयोग के नीट परीक्षा पास करने वाले छात्र सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार के जमा दो के छात्र निशांत पटियाल को जमा दो की परीक्षा को उत्कृष्ट अंकों के साथ तथा बिना किसी कोचिंग के नीट परीक्षा में 533 अंक प्राप्त कर उर्तीण करने पर सम्मानित किया। उन्होंने निशांत को उसकी सफलता पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि निशांत के साथ-साथ उनके माता रीना देवी व पिता पवन कुमार पटियाल गांव मरयाणी तहसील घुमारवीं व विद्यालय प्रधानाचार्य राजेश शर्मा भी बधाई के हकदार हैं जो निशांत को



निरंतर प्रेरित करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि साधारण ग्रामीण परिवार से सम्बन्धित निशांत पटियाल ने अथक परिश्रम कर यह मुकाम हासिल किया है। उपायुक्त ने निशांत की आर्थिक स्थिति के दृष्टिगत उसे आर्थिक सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने निशांत पटियाल को 6 हजार की सम्मान राशि भेंट की। उन्होंने कहा कि निशांत पटियाल ने कड़े परिश्रम से अपने सपने को पूरा करने के लिए जो प्रयास किए हैं। वह भविष्य में भी फलीभूत होंगेए ऐसा विश्वास है। उन्होंने कहा कि निशांत अपने विद्यालय व क्षेत्र के लिए एक आदर्श बन कर उभरा है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी निशांत की तरह जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आगे बढ़े व अपने क्षेत्र व प्रदेश का नाम रोशन करें।

# ठाकुर कर्म सिंह की प्रतिमा चैलचौक में स्थापित करने की मांग ने पकड़ा जोर

**टीम एक्शन इंडिया/गोहर/सुभाग सचदेवा**

हिमाचल की राजनीति के सूत्रधार हिमाचल निमार्ता गरीबों के मसीहा के नाम से जाने जाने वाले हिमाचल प्रदेश की प्रथम टेरिटोरियल काउंसिल के चेयरमैन रहे ठाकुर कर्म सिंह जिन्हें लोग हिमाचल का गांधी, ईमानदार, गरीबों के मसीहा के रूप में जानते हैं की एक मूर्ति चैलचौक बाजार के बीचो बीच स्थापित करने की मांग नाचन और सराज के लोगों में जोर पकड़ रही है। स्वर्गीय ठाकुर करण सिंह द्वारा किए गए विकास कार्यों को भुलाए जाना किसी के बस की बात नहीं है।काबिले जिक्र है ठाकुर कर्म सिंह एक ऐसी शख्सियत एक ऐसे नेता रहे हैं जिनके ऊपर लंबी राजनीति के दौरान सादगी से



दलगत राजनीति से ऊपर उठकर आम जनता की सेवा करने व स्पष्टवादिता का हाल मार्क लगा हुआ है। लोगों का कहना है राजनीतिज्ञ तो बहुत देखे मगर जो क्वालिटी स्वर्गीय ठाकुर कर्म सिंह की कार्यप्रणाली में देखी गई है वह आज तक किसी अन्य राजनीतिज्ञ की कार्यप्रणाली में नहीं देखी गई। ठाकुर कर्म सिंह जिनका जन्म 10 जुलाई, 1919 को अनु गांव के हरमत सिंह ठाकुर के घर में हुआ जो अपने सात भाई बहनों में दूसरे नंबर पर थे। ठाकुर कर्म की प्राथमिक शिक्षा अनु गांव में हुई दसवीं की शिक्षा विजय स्कूल मंडी में हुई उसके बाद खालसा कॉलेज अमृतसर से बीएससी एग्रीकल्चर करने के बाद 1945 में उनकी शादी गीता ठाकुर से हुई।उनके तीन बेटे व दो बेटियां हैं । 27 वर्ष की आयु में1947 में प्रजा मंडल में शामिल हुए और 1948 में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए और महादेव विधानसभा क्षेत्र से टेरिटोरियल चुनाव जीतकर सक्रिय राजनीति में प्रवेश किया 1952 में पहली टेरिटोरियल कौंसिल के चेयरमैन बने 1957 मे चच्योट टेरिटोरियल कौंसिल का चुनाव जीतकर पुनः चेयरमैन बने 1962 तीसरी बार पुनः चुनाव जीतकर टेरिटोरियल कौंसिल के चेयरमैन बने। 1963 में टेरिटोरियल कौंसिल भंग कर विधानसभा का गठन हुआ टेरिटोरियल के अध्यक्ष होने के नाते उनका हिमाचल प्रदेश में पहला मुख्यमंत्री बनना लगभग तय था मगर कुछ अपनों की दगाबाजी इमानदारी व उसूलों की राजनीति के कारण वह खरीद-फ रोख्त से दूर है और उन हिमाचल प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री बनने का विचार त्याग दिया।

ठाकुर कर्म सिंह जिला मंडी के ही कुछ बड़े नेताओं के असहयोग के कारण मुख्यमंत्री नहीं बन पाए मगर हिमाचल प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री यशवंत सिंह परमार के मंत्रिमंडल में पहले और एकमात्र वित्त मंत्री रहे हैं जिन्होंने हिमाचल का वित विभाग देखा। ठाकुर कर्म सिंह ने 1967 के बाद 1972 मैं आखिरी बार विधानसभा चुनाव जीता उसके बाद स्वर्गीय ठाकुर मोतीराम से चुनाव हारने के बाद सक्रिय राजनीति से दूर हो गए।

26 अक्तूबर, 2007 के ठाकुर कर्म सिंह ने आखिरी सांस ली। अपने लंबे राजनैतिक जीवन काल में पूरी ईमानदारी के साथ बिना किसी भेदभाव के हर उस इंसान का काम किया जो जायज था। 1940 से 1980 तक की जनरेशन तो ठाकुर कर्म सिंह को आज भी एक मसीहा के रूप में एक देवता के रूप में जानती हैं पहचानती हैं।

# ए एयरबीएनबी ने पर्यटन मंत्रालय के साथ एमओयू पर किये हस्ताक्षर

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला,**

एयरबीएनबी ने भारत को उच्च संभावित पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने और यहां की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दुनिया के सामने लाने के लिए भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के साथ आज एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है।इसका उद्देश्य भारत की विरासत के सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करना और विविध विरासत के माध्यम से पर्यटकों को यहां की यात्रा के लिए प्रोत्साहित करना है।माइक्रोसाइट सोल ऑफ इंडिया की लॉन्चिंग



इस साझेदारी का अहम हिस्सा है जिसमें भारत की विभिन्न ऐतिहासिक विरासतों को दशार्या जाएगा। इतिहास एवं श्रेष्ठ वास्तुकला में रची.बसी इन धरोहरों से भारत की समृद्ध सांस्कृतिक तस्वीर की झलक देखने का अवसर मिलता है।इसके अतिरिक्त एयरबीएनबी बहुत से अनछुए टूरिज्म डेस्टिनेशन को होस्ट करने,वहां होमस्टे को बढ़ावा देने,होस्ट कैपेसिटी को बढ़ाने और जिम्मेदारी के साथ पर्यटकों की मेजबानी की संस्कृति को विकसित करने में भी सहायता करेगी।सालभर के लिए की गई यह साझेदारी प्रमोशनल स्ट्रेटजी और कैंपेन के माध्यम से ग्लोबल टूरिज्म मार्केट में भारत की उपस्थिति को बढ़ाने की दिशा में पर्यटन मंत्रालय और एयरबीएनबी की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# सुहाना खान

## की द आर्चीज का टीजर रिलीज, 60s के प्यार और ब्रेकअप की कहानी में खो जाएंगे आप



मोस्ट अवेटेड ओटीटी फिल्मों में से एक द आर्चीज (The Archies) का टीजर रिलीज हो गया है। ये फिल्म लंबे समय से चर्चा में है। इसकी वजह बी-टाउन के फेमस स्टार किड्स हैं। मूवी में शाह रुख खान (Shah Rukh Khan ) की लाडली बेटी सुहाना खान, अमिताभ बच्चन (Amitabh Bachchan) के नाती अगस्त्य नंदा और बोनी कपूर (Boney Kapoor) की बेटी खुशी कपूर लीड रोल में हैं।

**द आर्चीज का टीजर हुआ आउट**

रविवार को नेटफ्लिक्स ने जोया अख्तर की निर्देशित फिल्म द आर्चीज का टीजर रिलीज किया है। टीजर में 60 के दशक के प्यार, फन, रोमांस और ब्रेकअप की कहानी दिखाई गई है। टीजर की शुरुआत एक सुंदर हिल स्टेशन रिवरडेल से होती है। फिर सुहाना खान (Suhana Khan), खुशी कपूर (Khushi Kapoor) और अगस्त्य नंदा (Agastya Nanda) अपने 60s के स्टाइल में थिरकते और मस्ती करते हुए नजर आए।

**प्यार-ब्रेकअप की दिखेगी झलक**



स्कूल की मस्ती से शुरू हुई कहानी धीरे-धीरे प्यार में तब्दील हो जाती है और फिर होता है हार्ट ब्रेकिंग ब्रेकअप। सुहाना खान और अगस्त्य नंदा की जोड़ी भी मजेदार है। फिल्म में सुहाना वेरोनिका, खुशी बेट्टी और अगस्त्य आर्ची का किरदार निभा रहे हैं। रेट्रो लुक में तीनों बहुत अच्छे लग रहे हैं। टीजर को लोगों का भी बहुत प्यार मिल रहा है।

नेटफ्लिक्स के टुडुम इवेंट ब्राजील में आयोजित हुआ, जहां द आर्चीज की स्टार कास्ट भी पहुंची थी। इस दौरान सभी स्टार कास्ट रेट्रो लुक में नजर आई। इसी इवेंट में उनका टीजर पहली बार दिखाया गया था।

**कहां रिलीज होगी द आर्चीज ?**

ए टाइगर बेबी प्रोडक्शन के बैनर तले बनी द आर्चीज नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। हालांकि, मूवी कब रिलीज होगी, इसकी तारीख अभी तक सामने नहीं आई है। यह आर्ची कॉमिक्स पर बनी है। फिलहाल, स्त्रा की लाडली सुहाना की डेब्यू फिल्म का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## जब शूटिंग छोड़ पेपर देने चली गई थीं प्रीति जिंटा, मेकर्स भी हो गए थे परेशान, ब्लॉकबस्टर हुई फिल्म



साल 1998 में रिलीज हुई फिल्म 'सोल्जर' (Soldier) बॉलीवुड की क्लासिक फिल्मों में से एक है. इस फिल्म में प्रीति जिंटा (Preity Zinta) और बॉबी देओल (Bobby Deol) लीड रोल में नजर आए थे. फिल्म की कहानी और गानों को भी काफी पसंद किया गया था. फिल्म 'सोल्जर' के क्लाइमैक्स की शूटिंग से के दौरान कुछ ऐसा हुआ था कि प्रीति जिंटा कई दिनों तक शूटिंग से गायब रही थीं. ये खुलासा खुद प्रीति जिंटा ने अपनी एक पोस्ट के जरिए किया था.किसी भी फिल्म को बनाने के पीछे कई ऐसी चीजें होती हैं जो बाद में सुनहरी यादें बन जाती हैं. एक्टर्स कई बार पर्दे के पीछे के किस्से याद कर पुरानी यादें ताजा करते हैं. फिल्मी सितारों के फैंस भी इन अपने चहीते स्टार के किस्से कहानियों के बारे में जानने के लिए काफी एक्साइटेड रहते है. प्रीति जिंटा ने भी फिल्म 'सोल्जर' से जुड़ा एक किस्सा शेयर किया है, जिसमें उन्होंने बताया है कि कैसे वह फिल्म के क्लाइमैक्स की शूटिंग के दौरान वह एक बड़ी वजह के चलते कई दिनों तक सेट से गायब रही थीं.

**टाइटल ट्रैक शेयर खोल दिया था सीक्रेट**

प्रीति जिंटा ने 20 नवंबर साल 2022 को इंस्टाग्राम पर सोल्जर फिल्म के टाइटल ट्रैक को शेयर करते हुए लिखा था, सोल्जर वैसे मेरी दूसरी रिलीज थी लेकिन इसे मैं पहले ही साइन कर चुकी थी. सच कहूं तो उस दौरान मैं काफी कनफ्यूज थी कि मैं एक नाम वाले दो डायरेक्टर्स के साथ कैसे काम कर पाऊंगी? थैंक्यू अब्बास भाई और मस्तान भाई. मुझे इस काबिल समझने के लिए मुझे ये चांस देने के लिए बहुत-बहुत शुक्रिया रमेश जी. बात उस वक्त की है जब राजस्थान में क्लाइमैक्स की शूटिंग चल रही थी मैं अपने साइकोलॉजी के एग्जाम के लिए चली गई थी और करीब एक हफ्ते से ज्यादा वक्त तक सेट से गायब रही. लेकिन उस समय मुझ पर नाराज ना होने के लिए शुक्रिया. मुझे एक्टिंग की दुनिया में लाने के लिए थैंक्यू बॉबीज्सरोज जी मैं आपको हमेशा मिस करूंगी. आपने मुझे सिखाया कि कैसे एक्ट्रेस बनते हैं.

**यूजर्स ने खूब लुटाया था प्यार**

प्रीति जिंटा ने ये पोस्ट अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की थी. एक्ट्रेस की इस पोस्ट पर फैंस ने खूब प्यार लुटाया था. एक यूजर ने लिखा, अगर अभी कोई सर्वे करवाया जाए तो आपको अब भी 90 के दशक की नेशनल क्रश का टाइटल दिया जाएगा. दूसरे यूजर ने लिखा, मैं बॉलीवुड फिल्मों के इस एरा को बहुत मिस करता हूं. कहानियां, गाने, एक्टर्सक्योई हमारा बचपन लौटा दें. एक अन्य यूजर ने लिखा, सोल्जर एक आइकॉनिक फिल्म थी जिसके गाने भी सदाबहार हैं. प्लीज आप इंडिया आ जाइएहम आपको मिस करते हैं.

## ओम राउत का फैसला- बदले जाएंगे आदिपुरुष के विवादित संवाद, मनोज मुंतशिर बोले- जनता की भावनाएं सर्वोपरि





प्रभास, कृति सेनन और सैफ अली खान स्टारर 'आदिपुरुष' रिलीज के बाद ही दर्शकों के जबरदस्त आक्रोश का सामना कर रही है. भगवान श्रीराम के प्रिय हनुमान जी के मुख से लोगों को 'जलेगी तेरी बाप की' जैसे संवाद लोगों की भावनाएं आहत कर रही हैं. डायरेक्टर ओम राउत पहले ही लंकेश, राघव और जानकी के लुक को अपनी किरकिरी करा चुके हैं. अब इसके राइटर मनोज मुन्तशिर अपने सड़कछाप संवादों के चलते लोगों के निशाने पर हैं. फिल्म रिलीज के बाद पहले तो मनोज ने बेतुके तर्क से अपने लेखन को सही ठहराने की कोशिश की लेकिन उससे भी लोगों का गुस्सा शांत नहीं हुआ. अब मनोज का कहना है कि वह लोगों की भावनाएं को ध्यान में रखते हुए संवाद बदलने के लिए तैयार हैं. इसकी जानकारी उन्होंने खुद ट्विटर के जरिए दी है.

मनोज ने ट्विटर पर लिखा, रामकथा से पहला पाठ जो कोई सीख सकता है, वो है हर भावना का सम्मान करना. सही या गलत, समय के अनुसार बदल जाता है, भावना रह जाती है. आदिपुरुष में 4000 से भी ज्यादा पंक्तियों के संवाद मैंने लिखे, 5 पंक्तियों पर कुछ भावनाएँ आहत हुईं.

उन सैकड़ों पंक्तियों में जहां श्री राम का यशगान किया, माँ सीता के सतीत्व का वर्णन किया, उनके लिए प्रशंसा भी मिलनी थी, जो पता नहीं क्यों मिली नहीं. मेरे ही भाइयों ने मेरे लिये सोशल मीडिया पर अशोभनीय शब्द लिखे. वही मेरे अपने, जिनकी पूज्य माताओं के लिए मैंने टीवी पर अनेकों बार कविताएं पढ़ीं, उन्होंने मेरी ही माँ को अभद्र शब्दों से संबोधित किया. मैं सोचता रहा, मतभेद तो हो सकता है, लेकिन मेरे भाइयों में अचानक इतनी कड़वाहट कहाँ से आ गई कि वो श्री राम का दर्शन भूल गये जो हर माँ को अपनी माँ मानते थे. शबरी के चरणों में ऐसे बैठे, जैसे कौशल्या के चरणों में बैठे हों.

## घोड़ी पर बैठकर पिता सनी देओल के साथ बारात लेकर पहुंचे करण देओल, भांगड़े पर नाचते दिखे धर्मेंद्र

**बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल के बेटे करण देओल की आज शादी है। करण देओल अपनी लेडी लव द्रिशा आचार्य के साथ शादी रचाने के लिए घोड़ी पर बैठकर वेन्यू में पहुंच गए हैं। उनके साथ सनी और धर्मेंद्र भी नजर आए।**

बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल (Sunny Deol) के लिए आज का दिन बहुत खास है। रविवार को उनके बड़े बेटे करण देओल अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड द्रिशा आचार्य (Drisha Acharya) के साथ शादी रचाने जा रहे हैं। करण अपने वेडिंग वेन्यू पर पहुंच भी गए हैं।



**घोड़ी पर बैठकर बारात लेकर आए करण**

करण देओल घोड़ी पर बैठकर बारात लेकर वेडिंग वेन्यू पर पहुंच गए हैं। सनी देओल के साथ करण ने वेडिंग वेन्यू में एंट्री की। सनी ने इस खास मौके पर अपने बेटे का हाथ थाम रखा था। ऑफ व्हाइट शेरवानी और साफा में दूल्हे राजा बहुत जंच रहे थे। सनी देओल ने व्हाइट कुर्ता-पायजामा के साथ पेस्टल ग्रीन लॉन्ग कोट और रेड पगड़ी पहन रखी थी।

**भांगड़े पर नाचे धर्मेंद्र**

करण देओल की बारात में धर्मेंद्र भी सज-धज कर पहुंचे। धर्मेंद्र ब्राउन कलर के कोट-पैंट में अपने पोते की बारात में नजर आए। उन्होंने भांगड़े पर डांस भी किया।

**संगीत में भी सनी और धर्मेंद्र ने बांधा था समां**

शादी से पहले 16 जून 2023 को करण देओल की संगीत सेरेमनी आयोजित की गई थी, जहां सनी देओल गदर के तारा सिंह में पहुंचे। 65 साल के सनी ने अपनी बेटी की संगीत को खास बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। उन्होंने मैं निकला गड्डी लेके पर एनर्जेटिक परफॉर्मेंस दी थी, जिसका वीडियो खूब वायरल हुआ था।

यही नहीं, 87 साल के धर्मेंद्र ने भी करण देओल और द्रिशा आचार्य की संगीत सेरेमनी में जमकर नाचा था। उन्होंने मैं जट्ट यमला पगला दीवाना पर धमाकेदार डांस करके पूरा समां बांध दिया था।

**क्या करते हैं सनी देओल के बेटे करण ?**

करण देओल अपने पिता, चाचा और दादा की तरह फिल्मी दुनिया में अपनी पहचान बनाने में लगे हुए हैं। उन्होंने बॉलीवुड में फिल्म पल पल दिल के पास से डेब्यू किया था। वह जल्द ही अपने 2 और देखो जरा में नजर आएंगे। एक्टिंग के अलावा करण ने यमला पगला दीवाना 2 से बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर डेब्यू भी कर लिया है।

# 'रणजी ट्रॉफी को बेकार टूर्नामेंट समझा जाता है', सक्सेना को दलीप ट्रॉफी में अनदेखा करने पर पूर्व क्रिकेटर भड़का

**नई दिल्ली ।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद का मानना है कि भारतीय क्रिकेट में कई 'हास्यास्पद चीजें होती हैं' और उनमें केरल के स्पिनर जलज सक्सेना का 28 जून से शुरू हो रही दलीप ट्रॉफी के लिए दक्षिण क्षेत्र की टीम में नहीं चुना जाना भी शामिल है। सक्सेना ने अतीत में भारत ए और मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने बीते रणजी ट्रॉफी सत्र में केरल के लिए 50 विकेट लिए है। प्रसाद ने ट्वीट किया, 'भारतीय क्रिकेट में कई मजेदार चीजें हो रही हैं। रणजी ट्रॉफी में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज को दक्षिण क्षेत्र की टीम के लिए भी नहीं चुना जाना उतना ही चौंकाने वाला है। इससे यह पता चलता है कि रणजी ट्रॉफी को बेकार टूर्नामेंट समझा जाता है। कितनी शर्म की बात है।' छत्तीस साल के सक्सेना ने अपने लंबे घरेलू करियर में 133 प्रथम श्रेणी मैच, 104 लिस्ट ए और 66 टी20 मैच खेले हैं। गौर हो कि इससे पहले 36 वर्षीय सक्सेना ने ट्वीट किया था, 'भारत में रणजी ट्रॉफी (एलीट ग्रुप) में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी को दलीप ट्रॉफी में नहीं चुना गया। क्या आप कृपया जांच सकते हैं कि क्या यह भारतीय घरेलू इतिहास में कभी हुआ है? सिर्फ जानना चाहता हूं। किसी को दोष नहीं दे रहा हूं।'



# कैसे पिता की दुखद दुर्घटना के बाद मिला हॉकी करियर को आकार, बॉबी ने किया याद

**नई दिल्ली ।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के उप कप्तान बॉबी सिंह धामी का मानना है कि उनके अब तक के करियर में नियति की बड़ी भूमिका थी क्योंकि अगर उनके जीवन में व्यक्तिगत त्रासदी नहीं होती तो उन्होंने कभी हॉकी स्टिक नहीं उठाई होती। बॉबी केवल 10 साल के थे जब उनके पिता श्याम सिंह धामीसड़क दुर्घटना का शिकार हुए और उनकी मां को उन्हें टनकपुर में उनके मामा के साथ रहने के लिए भेजने को मजबूर होना पड़ा क्योंकि परिवार का गुजारा करना मुश्किल हो रहा था। टनकपुर में ही बॉबी ने अपने मामा प्रकाश के साथ प्रत्येक दिन मैदान पर जाने के दौरान खेल के प्रति रुचि विकसित की। प्रकाश राष्ट्रीय स्तर के पूर्व हॉकी खिलाड़ी रहे हैं और अब कोचिंग देते हैं। बॉबी ने याद करते हुए कहा, ''मेरे पिता की दुर्घटना के बाद जब मेरा परिवार संकट में था तो हमारे पास पैसे नहीं बचे थे। मेरे माता-पिता मेरी शिक्षा का खर्च भी नहीं उठा सकते थे और मेरी मां ने मुझे मेरे मामा के घर भेजने का फैसला किया।' उन्होंने कहा, ''एक बच्चे के रूप में उस स्थिति से निपटना कठिन था लेकिन अब पीछे मुड़कर देखता हूं तो मुझे अहसास होता है कि अगर वह दुर्घटना नहीं हुई होती तो मैं शायद कभी हॉकी नहीं खेलता।'



# सात्विक और चिराग की जोड़ी ने रचा इतिहास, जीता इंडोनेशिया ओपन का खिताब

**जकार्ता ।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी ने फाइनल में मलेशिया के आरोन चिया और वूई यिक सोह की जोड़ी को 21-17, 21-18 से हराकर सुपर 1000 स्तर की प्रतियोगिता को अपने नाम करने वाली पहली भारतीय जोड़ी बनी। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की विजेता और एशियाई चैम्पियन भारतीय जोड़ी को इस कड़े मुकाबले को जीतने में 43 मिनट का समय लगा।



# पीएचएल में 100 गोल बचाने वाला पहला गोलकीपर बनने पर राहुल ने कहा- इसका श्रेय डिफेंडर्स को

**जयपुर।** प्रीमियर हैंडबॉल लीग (पीएचएल) के पहले सीज़न में भाग लेने वाली छह टीमों में से एक, तेलुगु टैलन्स के गोलकीपर राहुल टीके अपने असाधारण प्रदर्शन से दर्शकों के पसंदीदा खिलाड़ी बन गए हैं।

केरल का यह लड़का हाल ही में लीग में कुल 100 गोल बचाने वाला पहला गोलकीपर बना। अपनी इस उपलब्धि पर राहुल ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे पता भी नहीं था कि मैंने 100 गोल बचा लिये की हैं। यह उपलब्धि हासिल करने पर मैं उत्साहित भी था और हैरान भी। अब मुझे अपने साथियों का शुक्रिया अदा करना है। वास्तव में इसका श्रेय उन डिफेंडरों को दिया जाना चाहिए जो मेरे सामने खड़े हैं और शानदार ब्लॉक बनाते हैं जिससे मेरा काम थोड़ा आसान हो जाता है। तेलुगू तेलुगु टैलन्स की टीम प्रीमियर हैंडबॉल लीग की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है और उन्होंने टूर्नामेंट में अब तक



असाधारण प्रदर्शन किया है। लीग में टीम के प्रदर्शन पर राहुल ने कहा,-खिलाड़ियों के बीच का बंधन मजबूत है। चाहे हम जीतें या हारें, हम एक-दूसरे का समर्थन करते हैं और मुझे लगता है कि जब हम कोर्ट पर खेलने जाते हैं तो यही हमें मजबूत बनाता है। हमें अभी लंबा रास्ता तय करना है और हम किसी भी चीज को हल्के में नहीं ले सकते। अगर हम ट्रॉफी उठाना चाहते हैं तो हमें ध्यान केंद्रित रखना होगा। प्रीमियर हैंडबॉल लीग, जो पिंक सिटी के प्रतिष्ठित सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेली जा रही है, खिलाड़ियों के लिए एक अच्छा मंच साबित हो रही है। राहुल ने कहा, लीग निश्चित रूप से खिलाड़ियों को पर्याप्त अनुभव प्राप्त करने में मदद करेगी। ऐसे कई युवा खिलाड़ी हैं जो लीग का हिस्सा हैं और उनके लिए खुद का नाम बनाना और सीखने का एक बड़ा मौका है। मुझे यकीन है कि आने वाले समय में लोग खेल के बारे में और अधिक जागरूक होंगे। प्रीमियर हैंडबॉल लीग (पीएचएल), दक्षिण एशियाई हैंडबॉल फेडरेशन द्वारा स्वीकृत है और एशियाई हैंडबॉल फेडरेशन (एएचएफ) से संबद्ध है। लीग में छह टीमें दिल्ली पैंजर्स, राजस्थान पैट्रियट्स, गर्वित गुजरात, गोल्डन ईगल्स उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र आयरनमेन और तेलुगु टैलन्स शामिल हैं।

# एंडी मरे ने जीता नॉटिंघम ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब

**नॉटिंघम।** विश्व के पूर्व नंबर 1 टेनिस खिलाड़ी ब्रिटेन के एंडी मरे ने नॉटिंघम ओपन का खिताब जीत लिया है। मरे ने खिताबी मुकाबले में फ्रांस के आर्थर काजावस को 6-4, 6-4 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। मरे ने चैलेंजर 125 इवेंट में एक घंटे, 46 मिनट में यह जीत हासिल की। मरे के लिए यह लगातार दूसरा चैलेंजर खिताब था, इससे



पहले उन्होंने एक हफ्ते पहले सर्बिटन ट्रॉफी जीती थी। इस जीत के साथ ही मरे मैक्स परसेल और माटेयो अर्नाल्डी के साथ 2023 में इस स्तर पर तीन खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बन गए।

मरे नॉटिंघम में एक भी सेट नहीं हारे। 36 वर्षीय मरे ने 2013 और 2016 में विंबलडन सहित ग्रास कोर्ट पर आठ टूर-स्तरीय खिताब जीते हैं। मरे अब अगले हफ्ते सिंच चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करेंगे और अपनी 10 मैचों से चले आ रहे जीत की लय को बरकरार रखना चाहेंगे। मरे क्वीन्स क्लब में रिकॉर्ड पांच बार के चैंपियन हैं, और वह नॉटिंघम में खिताब जीतने के साथ ही एटीपी लाइव रैंकिंग में छह स्थान ऊपर उठकर 38वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# विशेष ओलंपिक विश्व खेल: भारतीय दल ने की मजबूत शुरुआत

**बर्लिन।** ग्लैमरस और रोमांचकारी उद्घाटन समारोह के बाद, विशेष ओलंपिक विश्व खेलों के पहले दिन की शुरुआत जोरदार तरीके से हुई। भारतीय दल ने 16 में से 14 खेलों के डिवीजनिंग स्पर्धाओं में भाग लिया। दिन का सबसे बड़ा प्रदर्शन तैराकी से आया, जहां 12 में से 11 भारतीय एथलीटों ने 25 मीटर फ्रीस्टाइल, 25 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक और 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक की अपनी-अपनी श्रेणियों में सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। साथ ही एथलेटिक्स में भी 4 भारतीय सेमीफाइनल में पहुंचे।

भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम और महिला फुटबॉल टीम ने भी 7-ए-साइड मैचों के समूह चरणों में प्रतिस्पर्धा की। पुरुषों की टीम ने जहां सेंट लूसिया के खिलाफ ड्रा खेला, वहीं महिला टीम ने एसओ इजराइल पर जीत दर्ज की।

इससे पहले दिन में, विशेष ओलंपिक ने समावेशन के लिए वैश्विक नेतृत्व गठबंधन के गठन की घोषणा की, जो बौद्धिक विकलांग लोगों का समर्थन करने के लिए एक अग्रणी बहुपक्षीय




प्रयास है। पहली बार, सरकारें, उद्योग, एनजीओ और विकास समुदाय शिक्षा और खेल में अधिक समावेशी स्कूलों और समुदायों को बनाने के लिए एक साझा वैश्विक प्रतिबद्धता के साथ आए। अगले तीन वर्षों में, गठबंधन के सदस्यों ने 150,000 से अधिक स्कूलों में 2,000,000 से अधिक युवाओं के लिए समावेशी खेल और शिक्षा के अवसरों का विस्तार करने और 180 देशों में विशेष ओलंपिक प्रोग्रामिंग को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध किया है। स्कूलों और कॉलेजों में खेल के समावेशी प्रारूप को लागू करने के लिए विशेष ओलंपिक भारत और भारत में शिक्षा मंत्रालय के बीच पहले से ही चर्चा चल रही है।

इन खेलों के दूसरे दिन कई और डिवीजनिंग इवेंट होंगे। 20 जून से मेडल राउंड शुरू होने की उम्मीद है।

# फीफा महिला विश्व कप 2023 के लिए ऑस्ट्रेलिया की 29 सदस्यीय अस्थायी टीम घोषित

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय महिला फुटबॉल टीम के मुख्य कोच टोनी गुस्तावसन ने फीफा महिला विश्व कप के लिए अस्थायी टीम की घोषणा की है। गुस्तावसन ने 29 सदस्यीय टीम की घोषणा की है जो ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में होने वाले विश्व कप के लिए मटिल्डस की अंतिम तैयारियों में भाग लेगी। इसके बाद जुलाई में 23 सदस्यीय अंतिम टीम की घोषणी की जाएगी।

अंतिम टीम घोषित होने से पहले प्रशिक्षण शिविर में कुछ चोटिल खिलाड़ियों को अपनी फिटनेस साबित करने का मौका देगा। गुस्तावसन ने कहा, 2021 में हमारे पहले प्रशिक्षण सत्र के पहले दिन से, हमने कहा कि फीफा महिला विश्व कप 23 के लिए समय लगेगा और इस यात्रा में सभी की भूमिका होगी। हम अपनी तैयारी के अंतिम चरण के दौरान इस अनंतिम टीम में नामित खिलाड़ियों के साथ काम करने के लिए रोमांचित हैं। अब हमारे पास अपनी योजना को ठीक करने और मजबूत करने का मौका है।

ऑस्ट्रेलियाई टीम 20 जुलाई को सिडनी में आयरलैंड के खिलाफ अपने अभियान की




शुरुआत करेगी। इसके बाद 27 जुलाई को ब्रिसबेन में नाइजीरिया और 31 जुलाई को मेलबर्न में कनाडा का सामना करेगी।

**ऑस्ट्रेलिया की 29 सदस्यीय टीम इस प्रकार है-**

मैकेंज़ी अर्नोल्ड, ऐली कारपेंटर, स्टीफ कैटली, एलेक्स चिडियाक, कायरा कूनी-क्रॉस, लारिसा क्रमर, केटलिन फोर्ड, मैरी फाउलर, एमिली गिलनिक, कैटरीना गोरी, शार्लेट ग्रांट, क्लेयर हंट, अलाना कैनेडी, सैम केर, च्लोए लोगार्जो, आइवी लुइक, टीगन मीका, कर्टनी नेविन, क्लेयर पोलकिंगहॉर्न, हेले रासो, एमी सायर, रेमी सीम्पसन, क्याह साइमन, एमिली वैन एगमंड, कोर्टनी वाइन, क्लेयर व्हीलर, जैडा वायमैन, लिडा विलियम्स, तमका यलोप।

# जेस केर श्रीलंका दौरे से बाहर, प्रतिस्थापन के रूप में लेह कास्पेरेक न्यूजीलैंड की टीम में शामिल

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की तेज गेंदबाज जेस केर पैर की अंगुली में लगी चोट के कारण आगामी श्रीलंका दौरे से बाहर हो गई हैं। पिछले सप्ताह नेट पर बल्लेबाजी करते हुए केर के पैर के अंगूठे में चोट लग गई थी और बाद के स्कैन में फैक्चर दिखा। उन्हें अब छह सप्ताह तक पुनर्वास की आवश्यकता है। लेह कास्पेरेक को केर की जगह टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड महिला टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा, दौरे के लिए प्रस्थान के इतने करीब चोट लगना हमेशा निराशाजनक होता है। जेस दोनों प्रारूपों में हमारे गेंदबाजी समूह का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और एक चुनौतीपूर्ण दौरे पर उनकी कमी खलेगी

सॉयर ने कहा, जेस सर्दियों में वास्तव में कड़ी मेहनत कर रही थीं और हम यह देखने के लिए उत्साहित थे कि वे नई परिस्थितियों में कैसा प्रदर्शन करेंगी, लेकिन हमें विश्वास है कि वह वापस फिट हो जाएंगी और श्रीलंका के बाद हमारी अगली



चुनौती के लिए तैयार होंगी।

इस बीच, कास्पेरेक को 2021 में इंग्लैंड के दौरे के बाद पहली बार न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा बनने के लिए चुना गया है। उन्होंने 39 एकदिवसीय और 46 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में क्रमशः 65 और 75 विकेट लिए हैं। सॉयर ने कहा, विश्व कप के बाद से लेह के लिए 18 महीने चुनौतीपूर्ण रहे हैं, लेकिन वह हमेशा एक ऐसी खिलाड़ी रही हैं जो हमारे रडार पर हैं। फैन (जोनास) और ईडन (कार्सन) के रूप को हमारे पास दो सर्वश्रेष्ठ स्पिनर हैं, जो लगातार अच्छा कर रही है, जिसके कारण उन्हें टीम से बाहर रखा गया है, हमारी टीम में स्पिन गेंदबाजी के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा है।

न्यूजीलैंड महिला टीम वर्तमान में एक प्रशिक्षण शिविर के लिए लिंकन में न्यूजीलैंट क्रिकेट के उच्च प्रदर्शन केंद्र में है, और श्रीलंका के लिए प्रस्थान करेगी।

# एवीसी महिला चैलेंजर वॉलीबॉल टूर्नामेंट : पहले मैच में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय सीनियर महिला वॉलीबॉल टीम ने इंडोनेशिया में चल रहे चौथे एवीसी महिला चैलेंजर के अपने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया को 3-1 (13-25, 25-16, 25-22, 25-14) से हरा दिया। यह टूर्नामेंट 25 जून तक चलेगा।

इस टूर्नामेंट में 12 टीमें हिस्सा ले रहीं, जिन्हें तीन-तीन के चार ग्रुपों में बांटा गया है। भारतीय टीम ग्रुप सी में ऑस्ट्रेलिया और कजाकिस्तान के साथ शामिल है। ग्रुप ए में इंडोनेशिया, मकाऊ और फिलीपींस की टीमें हैं। ग्रुप बी में हांगकांग, चीनी ताइपे और ईरान हैं, जबकि ग्रुप डी में उज्बेकिस्तान, मंगोलिया और



वियतनाम हैं। प्रारंभिक चरण के बाद दूसरे चरण में समूह ए और सी की शीर्ष दो टीमें एक-दूसरे का सामना करेंगी, जबकि समूह बी और डी की शीर्ष दो टीमें आमने-सामने होंगी।

**टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही भारतीय टीम इस प्रकार है-**

आर. अवस्थी,हेमलता, सूर्या एस.,के.एस जीनी, निर्मल (कप्तान), वाला चेतना, जॉनसन जिंसी, केपी अनुश्री, अश्वनी के, शिल्पा आर.एस, एंजल जोसेफ, अनन्या दास, एस. शालिनी, सारन्या एन.एस।

# भारत ने जीता इंटरकॉन्टिनेंटल कप का खिताब, मुख्यमंत्री पटनायक ने की भारतीय टीम को एक करोड़ रुपये देने की घोषणा

**भुवनेश्वर।** भारतीय फुटबॉल टीम ने रात भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में कप्तान सुनील छेत्री और लालियानज़ुआला छांगटे के गोलों की मदद से लेबनान को 2-0 से हराकर हीरो इंटरकॉन्टिनेंटल कप 2023 का खिताब जीत लिया है। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भारतीय टीम को प्रतिष्ठित ट्रॉफी सौंपी। मुख्यमंत्री ने साथ ही भारतीय टीम को एक करोड़ रुपये देने की घोषणा की।

समापन समारोह में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा, इस प्रतिष्ठित इंटरकॉन्टिनेंटल कप की मेजबानी करना हमारे राज्य के लिए बहुत गर्व की बात है। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद भारत को जीत के लिए बधाई। हमारा इरादा ओडिशा में कई और फुटबॉल कार्यक्रम आयोजित करना और ओडिशा और भारत में खेल के




विकास का समर्थन करना है। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा, पिछले कुछ दिनों में कलिंगा स्टेडियम में राष्ट्रीय टीम को जीत देखने के इच्छुक प्रशंसकों की प्रत्याशा और उत्साह चरम पर था और अंतिम मुकाबले में स्टेडियम दर्शकों के शोर से गूंजता रहा। हमारे पास हीरो इंटरकॉन्टिनेंटल कप का अंत इससे बेहतर नहीं हो सकता था। मैं भाग लेने वाली टीमों को सभी समर्थन और आतिथ्य प्रदान करने और एक शानदार टूर्नामेंट की मेजबानी करने के लिए ओडिशा सरकार को धन्यवाद देता हूं।

भारतीय फुटबॉल के इस ऐतिहासिक रात में खेल और युवा सेवा मंत्री तुषारकांति बेहरा, सचिव वी कार्तिकेयन पांडियन, आयुक्त-सह-सचिव (खेल) विनील कृष्णा, एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे, एआईएफएफ महासचिव शाजी प्रभाकरन, और ओडिशा फुटबॉल एसोसिएशन सचिव आशीर्वाद बेहरा मौजूद थे। इनके अलावा फाइनल मुकाबले में सऊदी अरब फुटबॉल फेडरेशन का एक प्रतिनिधिमंडल भी उपस्थित था, जिसमें उप महासचिव इब्राहिम अलकब्बा, सऊदी फेडरेशन के वरिष्ठ सलाहकार, हिचाम एल अमरानी और डीजीएस सहायक सचिव नोरा अलशुवैमैन शामिल थे। फाइनल मुकाबले से पहले, सऊदी अरब के प्रतिनिधियों ने क्षेत्र में फुटबॉल के प्रचार और विकास पर चर्चा करने के लिए खेल और युवा सेवा सचिव, विनील कृष्णा और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के महासचिव, डॉ. शाजी प्रभाकरन के साथ बैठक की।

# मोईन अली से हुई गलती, पोंटिंग बोले- उसे नियम का नहीं पता था

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाड़ी मोइन अली पर मैच फीसदी 25फीसीजुर्माना लगाया गया क्योंकि उन्हें एजबेस्टन में पहले एशेज टेस्ट के दूसरे दिन के दौरान बाउंड्री के पास जाकर अपने गेंदबाजी हाथ पर स्प्रे लगाते हुए देखा गया था। अली को आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो खेल की भावना के विपरीत आचरण प्रदर्शित



करने से संबंधित है। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग को लगता है कि इंग्लैंड के क्रिकेटर को नियम की जानकारी नहीं थी और इसलिए उन्होंने सुखाने वाली स्प्रे का इस्तेमाल किया। उन्होंने आगे कहा कि अगर क्रिकेटर को नियम के बारे में पता होता तो वह ऐसा नहीं करते। पोंटिंग ने स्काईस्पोर्ट्स पर कहा, ठीक है, यह स्पष्ट रूप से नियम नहीं जानता था। अगर वह जानता होता तो वह मैदान पर बीच में ऐसा नहीं करता (हंसते हुए)। मैं कॉमेंट्री पर था और यहां तक कि मुझे भी लगा कि यह वो चीज है जिसका उपयोग बल्लेबाज बल्लेबाजी के लिए जाने से पहले अपने हाथ सुखाने के लिए करते हैं। यह पिछले दो वर्षों में अली का पहला अपराध है। लेवल 1 आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मोईन अली के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है।

